**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 08 जुलाई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण समाज से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।**
- **हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि , कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के दोनों ओर और सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जायेगा।**
- **केंद्रीय सड़क परिवहन व् राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि परिवहन विभाग पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेवारी वहन करता है। ।**
- **हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा के मास्टर एथलिट प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा है और हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में इनका अहम योगदान रहेगा।**
- **मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में कल व् परसो भरी वर्षा होने की संभावना जताई है।**

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में आचार्य श्री भिक्षु स्वामी जी की 300वीं जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री नायब सिंह ने कहा कि यदि सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के लिए एक मजबूत, नैतिक और चरित्रवान समाज का निर्माण सबसे पहली जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेरापंथ के संस्थापक आचार्य श्री भिक्षु स्वामी जी केवल एक मुनि नहीं, बल्कि एक साहसी और क्रांतिकारी विचारक थे। उन्होंने धर्म में व्याप्त कुरीतियों पर चोट की और अध्यात्म को तर्कसंगत दिशा दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य भिक्षु जी की शिक्षाएं आज के युग में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने बताया कि अहिंसा केवल मारपीट न करना ही नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म से पवित्र होना ही सच्ची अहिंसा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और असहिष्णुता से भरे माहौल में यह विचार समाज को जोड़ने का काम कर सकता है।

***************************************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि जुलाई-अगस्त माह के दौरान कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे के दोनों ओर एवं सभी औद्योगिक माडल टाउनशिप में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा।

श्री राव नरबीर सिंह ने वन महोत्सव-2025 को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद बताया कि आई एम टी मानेसर को "हरित आईएमटी" के रूप में विकसित करने के लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम को विस्तृत और ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।उद्योग मंत्री ने कहा कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम को सभी औद्योगिक क्षेत्रों और आईएमटी में अधिक से अधिक छायादार पेड़ लगाने को कहा गया है, जिनमें नीम, पीपल, पिलखन, गुलमोहर, अर्जुन व बड़ जैसी प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान शुरू किया जाएगा, जिसमें सार्वजनिक स्थल, तालाबों व नदियों के किनारे और पंचायत भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा। इस अभियान में औद्योगिक घरानों, गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा।

******************************************************************************

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि परिवहन विभाग, पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदारी वहन करता है, क्योंकि देश में 40 प्रतिशत प्रदूषण सीधे तौर पर परिवहन क्षेत्र के कारण है। एक पेड़ मां के नाम के दूसरे चरण के तहत, फरीदाबाद-नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर पर पौधरोपण अभियान के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि

एक पेड़ मां के नाम धरती माता के प्रति एक कर्तव्यपरायण पहल है और यह नागरिकों की सांस्कृतिक तथा नैतिक जिम्मेदारी भी है।

***********************************************

कुरुक्षेत्र जिले के कलाल माजरा गांव में में मलेरिया का मरीज मिला है। कुरुक्षेत्र जिले में साल 2021 से अब तक मलेरिया के मरीजों की संख्या शून्य थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेरिया मुक्त जिला होने की उपलब्धि के लिए एक बार अपने मन की बात कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिले का जिक्र भी किया था।

जिले में मलेरिया और डेंगू की दस्तक के बीच स्वास्थ्य विभाग ने मोर्चा संभाल लिया है।

************************************************************************

हरियाणा के कैथल जिले के गांव कवारतन के जवान संजय सिंह सैनी लेह-लद्दाख में देश सेवा करते हुए शहीद हो गए। संजय सिंह भारतीय सेना की 10 सिक्ख रेजिमेंट में थे।

संजय सिंह के परिवार में पत्नी, दो नाबालिग बेटे, बुजुर्ग मां और एक बड़ा भाई हैं। हाल ही में उनके पिता का निधन हो गया था।

सेना ने बताया कि आज कारगिल में शहीद संजय के पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर हवाई मार्ग द्वारा लेह से चंडीगढ़ लाया जाएगा। फिर वहां से उनके पैतृक गांव लाया जाएगा, जहां पूरे सैन्य और राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

*************************************************************************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज कहा कि प्रदेश के मास्टर एथलीटों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर हरियाणा का गौरव भी बढ़ाया है। यह मास्टर एथलीट प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं और हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में इनका अहम योगदान रहेगा।

वे आज पंचकूला में हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित विश्व व नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।श्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश की खेल नीति देश में सबसे बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 में प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों पर महज 38 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि वर्ष 2014 से 2024 तक प्रदेश के खिलाड़ियों को पर सरकार ने 592 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि खेल नीति के तहत उन्हें अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा।इस मौके पर हरियाणा एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय मित्तल, महासचिव रामकिशोर शर्मा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

*************************************************************

मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में कल और परसों भारी वर्षा  होने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि कल गरज चमक और तेज हवा के साथ अधिकतर स्थानाओ पर हल्की से मध्यम वर्ष होगी जबकि कुछेक स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। इसी तरह परसों भी कहीं कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी कुछेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

*************************************************************

आगामी 13 जुलाई को कैथल में हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कैथल की उपायुक्त ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

उन्होंने कहा कि हाफ मैराथन के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देना है।

उपयुक्त ने कहा कि इस मैराथन में खिलाड़ी, विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, युवा, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग नशे के खिलाफ एक साथ कदमताल करेंगे।

उपयुक्त प्रीति ने कहा कि मैराथन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। सुरक्षा एवं यातायात को व्यवस्थित करने को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पांच किलोमीटर की दौड़ रन फॉर फन होगी। 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को

एक लाख 21 हजार रुपये, द्वितीय को एक लाख रुपये तथा तृतीय को 75 हजार रुपये का नकद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं 10 किलोमीटर मैराथन में प्रथम विजेता को एक लाख रुपये, द्वितीय को 75 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 50 हजार रुपये की नकद इनाम दिया जाएगा।

*************************************************************